## खबर संक्षेप

### नौकरी का झांसा देकर 1.90 लाख की ठगी

**यमुनानगर।** गांव भटोली निवासी नीतिका को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 1.90 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। नीतिका के पिता सुरेंद्र कुमार की शिकायत पर पुलिस ने अंसल टाउन निवासी प्रवीन अग्रवाल के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार आरोपी ने मार्च 2025 में उच्च अधिकारियों से पहचान होने का दावा कर नौकरी लगवाने का भरोसा दिया। मार्च से दिसंबर 2025 के बीच उसने 1.90 लाख रुपये और दस्तावेज ले लिए, लेकिन नौकरी नहीं दिलाई। पैसे लौटाने से इनकार करने पर पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नाबालिग लड़की के अपहरण का आरोप

**यमुनानगर।** सदर थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने पड़ोसी गांव निवासी सादमान पर बेटी को प्रेम जाल में फंसाकर अगवा करने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, आरोपी के पिता जुल्फान ने लड़की को छोड़ने के बदले एक करोड़ रुपये की मांग की और पैसे न देने पर जान से मारने तथा लड़की की बदनामी करने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। जांच के बाद पुलिस ने सादमान और उसके पिता जुल्फान के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पुरानी रंजिश में दोस्तों पर हमला, पांच पर केस

**यमुनानगर।** गांव नाहर ताहरपुर में पुरानी रंजिश के चलते दो दोस्तों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। आरोपियों पर कार से टक्कर मारने का भी आरोप है। शिकायतकर्ता लाभ सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव के जितेंद्र और वीरेंद्र से पहले विवाद हुआ था, जिसके बाद वे रंजिश रखने लगे। 5 जून की रात लाभ सिंह अपने दोस्त नवीन के साथ जा रहा था, तभी जितेंद्र, वीरेंद्र, तरसेम, वंश और अनिल ने उन पर डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर की मौत

**पानीपत।** जीटी रोड पर पुलिस लाइन के पास सडक़ हादसे में एक मजदूर की ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई। मृतक धर्मवीर ठेकेदार के अधीन मजदूरी करता था और समालखा से ईंटें उतारकर ट्रैक्टर से लौट रहा था। आरोप है कि चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से ट्रैक्टर चला रहा था, जिससे झटका लगने पर धर्मवीर नीचे गिर गया और ट्रैक्टर का पिछला पहिया उसके सिर के ऊपर से गुजर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। सेक्टर 29 थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवती से गैंगरेप का आरोप पति समेत चार पर केस

**पानीपत।** सेक्टर 29 थाना क्षेत्र में एक युवती ने युवक पर बहला फुसलाकर अगवा करने, मारपीट कर जबरन शादी कराने और बंधक बनाकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद उसके साथ शारीरिक व मानसिक शोषण किया गया तथा ससुर और ननदोई ने भी उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर जबरन दवा खिलाने और प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया गया है। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर युवती ने पुलिस में शिकायत दी। सेक्टर 29 थाना पुलिस ने कथित पति, ससुर, ननदोई और ननद के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### कुवि के श्रीमद्भगवद गीता सदन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा एवं कलस्टर गठन कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

*किसानों के नुकसान की भरपाई करेगी हरियाणा सरकार*

# प्राकृतिक खेती को मिलेगा नया बल, 2000 एकड़ में शुरू होगी स्मार्ट एग्रीकल्चर योजना

- *गुरुकुल, कुरुक्षेत्र के प्रशिक्षण केन्द्र में प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए राज्य सलाहकार की भी नियुक्ति की गई*


कुरुक्षेत्र। किसानों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से कुरुक्षेत्र जिले में 2,000 एकड़ कलस्टर में आधुनिकतम तकनीकों द्वारा स्मार्ट एग्रीकल्चर नाम से एक नई योजना द्वारा प्राकृतिक खेती शुरू की जाएगी। इसमें यदि किसानों को किसी प्रकार का भी नुकसान होगा तो उसकी हर पाई की भरपाई हरियाणा सरकार द्वारा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती वही खेती है, जो सदियों से मां गंगा और अन्य पावन नदियों के जल से लहलहाती आई है। इन नदियों ने पूरे आर्यव्रत में ऐसी उपजाऊ जमीन तैयार की है, जिससे उपजे अन्न से भारत माता सोने की चिड़ियां बनी है। इसी भूमि पर हमारी समृद्ध संस्कृति फली-फूली है। यह संस्कृति सिखाती है कि जल, जंगल और जमीन, ये तीनों ही जीवन के आधार स्तंभ हैं और इनका संरक्षण ही सतत विकास का आधार है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के श्रीमद भगवद गीता सदन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आयोजित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा एवं कलस्टर गठन कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत प्राकृतिक खेती अभियान को आगे बढ़ाने में अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं। खेती का काफी अनुभव रहा है। आपने अपने जीवन को समाज सेवा, शिक्षा और विशेष रूप से प्राकृतिक खेती के प्रसार के लिए समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कुरुक्षेत्र के गुरुकुल, जींद के हमेटी, सिरसा के मंगियाना और करनाल के घरौंडा में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हैं। गुरुकुल, कुरुक्षेत्र के प्रशिक्षण केन्द्र में प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण देने के लिए राज्य सलाहकार की भी नियुक्ति की गई है। अब तक 12 हजार 188 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इनमें युवा किसान, महिलाएं और सरकारी कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा, हमेटी के प्रशिक्षण केंद्र में राज्य के 6 हजार 234 सरपंचों को एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया है।

## प्राकृतिक खेती से दूर होंगी बीमारियां: आचार्य देवव्रत

**कुरुक्षेत्र।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी ईमानदारी और खून-पसीने की कमाई से सबका पेट भरने वाला किसान असल में राजाओं का राजा है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि पैदावार बढ़ाने की अंधी दौड़ में रासायनिक खादों के अत्यधिक इस्तेमाल से कभी उपजाऊ रहने वाली भूमि अब बंजर होती जा रही है। यही रसायन फसलों, फलों और सब्जियों के माध्यम से हमारे शरीर में पहुंचकर कैंसर, शुगर, हार्ट अटैक



और ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन रहे हैं, जिससे बचने का एकमात्र उपाय प्राकृतिक खेती को अपनाना है। प्रधानमंत्री के विजन को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बताया कि एक देसी गाय के गोबर और गौमूत्र से बनने वाले जीवामृत और बीजामृत की मदद से 10 एकड़ भूमि पर आसानी से प्राकृतिक खेती की जा सकती है, क्योंकि इसके सूक्ष्म जीव और केंचुए मिट्टी को स्वतः उपजाऊ बनाते हैं। इस दिशा में जागरूकता फैलाने के लिए जहां गुरुकुल की 180 एकड़ भूमि पर किसानों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वहीं गुजरात की 5 यूनिवर्सिटीज़ के पाठ्यक्रम में भी प्राकृतिक खेती को शामिल किया गया है ताकि समाज को शुद्ध और पौष्टिक भोजन मिल सके।

## प्राकृतिक खेती से 2047 तक विकसित भारत में योगदान मिलेगा

**कुरुक्षेत्र।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक खेती के साथ किसानों को जोड़ने का अभियान चलाया है। हरियाणा प्रदेश के किसान पहले ही प्राकृतिक खेती से जुड़े हुए हैं। रसायनों के प्रयोग से किसान की भूमि की सेहत खराब, अनाज खराब और मनुष्यों की सेहत भी खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग इसको लेकर खूब प्रचार प्रसार कर रहा है। प्रदेश में ऐसे हालात हैं कि पशुओं के चारे के कारण दूध खराब होता जा रहा है। मौजूदा समय में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की जरुरत है। तभी देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने में प्राकृतिक खेती का अहम योगदान रहेगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव बिजेंद्र कुमार ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया और विभाग की प्राकृतिक खेती को लेकर चलाई गई योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बागवानी विभाग के महानिदेशक डा. अर्जुन सैनी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त, एसपी वीसी सोमनाथ सचदेवा, आदि मौजूद रहे।

---

## वंशिका का जज्बा : स्केटिंग करते हुए वैष्णो देवी तक 1000 किमी यात्रा पर निकली

- वंशिका इससे पहले अयोध्या के राम मंदिर और केदारनाथ धाम की यात्रा भी पूरी कर चुकी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। भीषण गर्मी और लू के बीच 9 वर्षीय वंशिका अपने साहस और दृढ़ संकल्प से प्रेरणादायक मिसाल पेश कर रही है। आगरा के शिकोहाबाद की रहने वाली वंशिका स्केटिंग करते हुए माता वैष्णो देवी के दरबार तक लगभग 1000 किलोमीटर की यात्रा पर निकली है।


कुरुक्षेत्र। माता वैष्णो देवी की यात्रा पर निकली वंशिका का स्वागत करते मोनिका व कमल।

उसने 2 जून को यह अभियान शुरू किया और 14 जून तक वैष्णो देवी पहुंचने का लक्ष्य रखा है।इस यात्रा में उसके साथ आगरा के 17 वर्षीय मेदांत और 16 वर्षीय आदित्य भी स्केटिंग कर रहे हैं। तीनों खिलाड़ी प्रतिदिन करीब 90 किलोमीटर का सफर तय कर रहे हैं। वंशिका ने बताया कि स्केटिंग का शौक उसे बचपन से है और उसने अपने बड़े भाई से प्रेरणा लेकर इसकी शुरुआत की थी। वंशिका इससे पहले स्केटिंग करते हुए अयोध्या के राम मंदिर और केदारनाथ धाम की यात्रा भी पूरी कर चुकी है। शाहबाद पहुंचने पर समाजसेवियों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

### वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत

**यमुनानगर।** बूडिया रोड स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला सुंदरी देवी की मौत हो गई। वह दवाई लेने के लिए जगाधरी बूडिया चुंगी गई थीं और वापस लौटते समय सड़क हादसे का शिकार हो गईं। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।परिजनों को अस्पताल से सूचना मिलने पर वे पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। थाना शहर जगाधरी में अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

- दयाल सिंह पब्लिक स्कूल के पास हादसा

### रेत-मिट्टी कारोबार की वर्चस्व की लड़ाई बनी वारदात की वजह

## विदेशी कनेक्शन से रची गई माइनिंग कारोबारी पर हमले की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के शाहाबाद में माइनिंग कारोबारी सुनील भाटिया उर्फ बंटी पर हुए जानलेवा हमले की जांच में विदेशी कनेक्शन सामने आया है। पुलिस के अनुसार, इस हमले की साजिश विदेश में बैठे लोगों की मदद से रची गई थी। मामले में गिरफ्तार आरोपी रोबिन उर्फ मोनू, उसके जीजा विजय तथा दोनों शूटरों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।


सुनील भाटिया

- हिमांशु भाऊ गैंग के नाम से वायरल पोस्ट जांच में फर्जी निकली।

जांच में पता चला कि सुनील भाटिया और रोबिन के बीच मिट्टी और रेत के कारोबार में वर्चस्व को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। रोबिन अपने कारोबार को मजबूत करना चाहता था और इसी रंजिश में उसने हमले की योजना बनाई।पुलिस के मुताबिक, रोबिन के तुर्की में रह रहे भाई साहिल ने यूके में रहने वाले एक साथी के साथ मिलकर पूरी साजिश तैयार की। जांच में सामने आया कि वारदात से पहले सुनील की रेकी की। वहीं, सोशल मीडिया पर हिमांशु भाऊ गैंग के नाम से वायरल हुई जिम्मेदारी लेने वाली पोस्ट फर्जी निकली, जिसकी जांच जारी है।



### ट्राले की चपेट में आने से दो सफाई कर्मियों की मौत

**शाहबाद।** शाहबाद-पिपली जीटी रोड पर गांव त्यौड़ा थेह के पास हुए भीषण सड़क हादसे में मोहाली नगर निगम के दो सफाई कर्मचारियों विशाल (26) और नीरज (28) की मौत हो गई। दोनों मोटरसाइकिल से तरावड़ी जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्राले ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। विशाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नीरज ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। ट्राला चालक फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। हेल्पर्स शाहाबाद सोसायटी ने भी मानवीय सहायता करते हुए शव अस्पताल तक पहुंचाए।

### 14.5 लाख की ठगी के केस में समझौते का बनाया दबाव

**यमुनानगर।** रादौर थाना पुलिस ने साढ़े 14 लाख रुपये की कथित ठगी, मारपीट, धमकी और जातिसूचक टिप्पणी के मामले में छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सहारनपुर निवासी इमरान सिंह की शिकायत के अनुसार आरोपियों ने कैंसर की दवा और जड़ी-बूटी के नाम पर उससे 14.50 लाख रुपये लिए और बदले में तांबे का मृत सांप देकर धोखाधड़ी की।आरोप है कि बाद में समझौते के बहाने बुलाकर रुपये लौटाने के बजाय दबाव बनाया गया और मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और एससीएसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- आरोपियों पर मारपीट और जातिसूचक टिप्पणी का आरोप

## 520 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल के साथ एक युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव शादीपुर बस स्टैंड के पास कार्रवाई करते हुए 520 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पुराना हमीदा निवासी विक्की पुत्र राजवीर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।डीएसपी रजत गुलिया ने बताया कि सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास से प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद हुए। ड्रग कंट्रोल विभाग की जांच में पुष्टि हुई कि यह ट्रामाडोल कैप्सूल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से उत्तर प्रदेश से प्रतिबंधित दवाइयां लाकर क्षेत्र में सप्लाई कर रहा था और उसके खिलाफ पहले भी दो मामले दर्ज हैं।



### पुलिस के साथ मारपीट कर ओवरलोडेड वाहन को छुड़ा कर ले भागा चालक

**रादौर।** त्रिवेणी चौक के पास चेकिंग के दौरान पकड़े गए ओवरलोडेड खनन वाहन को थाने ले जाते समय बड़ा हंगामा हो गया। चालक और वाहन में मौजूद अन्य लोगों ने पुलिस कर्मचारी रमेश के साथ मारपीट कर उसे नीचे उतार दिया और वाहन छुड़ाकर फरार हो गए। घटना में पुलिस कर्मचारी को चोटें आई हैं।माइनिंग नाका इंचार्ज विशाल कुमार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वाहन ओवरलोड पाया गया था और उसे थाने भेजा जा रहा था, तभी यह घटना हुई। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

---

### बढ़ती गर्मी और पर्यावरण में आ रहे बदलावों से पूरी दुनिया और वैज्ञानिक चिंतित

*प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की अपील की*

## ट्रेन-ई-रिक्शा से गुरुकुल पहुंचे गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, दिया ईंधन बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

वैश्विक स्तर पर गहराते पर्यावरण संकट और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'ईंधन बचाने और प्रकृति संरक्षण' के आह्वान को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने अपने आचरण में ढालकर एक नई मिसाल पेश की है। कुरुक्षेत्र आगमन पर राज्यपाल महोदय ने न केवल हवाई यात्राओं का त्याग कर आम नागरिक की तरह ट्रेन से सफर किया, बल्कि रेलवे स्टेशन से गुरुकुल तक की यात्रा भी ई-रिक्शा के जरिए पूरी कर देश को ऊर्जा संरक्षण का एक बड़ा संदेश दिया। कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से विशेष बातचीत करते हुए राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि आज बढ़ती गर्मी और पर्यावरण में आ रहे बदलावों से पूरी दुनिया और वैज्ञानिक चिंतित हैं। इस संकट से धरती को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से ईंधन बचाने और पर्यावरण हितैषी जीवनशैली अपनाने का


कुरुक्षेत्र। ई-रिक्शा में सवार होकर गुरुकुल जाते गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत।

आह्वान किया है। प्रधानमंत्री के इसी विजन का पालन करते हुए मैंने हेलीकॉप्टर और हवाई जहाज से यात्रा करना पूरी तरह बंद कर दिया है। मेरा सुरक्षा काफिला भी अब बेहद सीमित है। मैं स्वयं अब लंबी दूरियों के लिए सामान्य बस और ट्रेन का उपयोग कर रहा हूं। राज्यपाल ने पर्यावरण को बचाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर देते हुए सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और प्रशासनिक विभाग के उच्च अधिकारियों से विशेष आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने दैनिक जीवन और सरकारी कार्यों में कम से कम तेल का उपयोग करें और जितना संभव हो, पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल कर देश के ईंधन को बचाने में अपना योगदान दें। इसके साथ ही उन्होंने धरती की सेहत सुधारने के लिए रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती अपनाने की बात कही।

#### सादगी की अनूठी मिसाल पेश की

ई-रिक्शा से सफर कर दिया बड़ा संदेश पश्चिम एक्सप्रेस से बिल्कुल आम नागरिक की भांति कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पहुंचे राज्यपाल का स्वागत ई-रिक्शा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास, जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने किया। सादगी की अनूठी मिसाल पेश करते हुए राज्यपाल बिना किसी भारी-भरकम गाड़ियों के काफिले के, सीधे ई-रिक्शा में सवार होकर गुरुकुल कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुए। उनके इस कदम ने आम जनता को डीजल-पेट्रोल की निर्भरता कम करने और ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

## कार की टक्कर से साइकिल सवार सिक्योरिटी गार्ड की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

रेडक्रॉस भवन के समीप सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। साइकिल पर जा रहे व्यक्ति को ऑल्टो कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान सतपाल (55) निवासी धौबी मोहल्ला के रूप में हुई। सतपाल जीटी रोड पर कोहिनूर सिटी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। सतपाल अपने पीछे पत्नी, दो बेटी और बेटे शिवम को छोड़ गए। बेटा शिवम यमुनानगर के जगाधरी अस्पताल में बतौर हेल्पर काम करता है। न्यू लक्ष्मण कॉलोनी के रहने वाले पवन कुमार ने बताया कि वह फर्नीचर का काम करता है। सुबह करीब 7 बजे वह अपने किसी काम से मोटरसाइकिल पर सेक्टर-8 की तरफ जा रहा था। वह रेडक्रॉस भवन के पास पहुंचा तो उससे करीब 50 मीटर आगे साइकिल पर एक व्यक्ति डीसी कार्यालय की तरफ जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने साइकिल का पीछे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही साइकिल सवार काफी दूर जाकर सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। वह बाइक रोककर तुरंत घायल के पास पहुंचा। घायल व्यक्ति उसका चाचा सतपाल निकला। उसके चाचा सतपाल के सिर, दाहिने कंधे, दाहिनी बाजू और ठोड़ी पर गंभीर चोटें आई थीं। इसके अलावा उनके दाहिने कान से खून भी निकल रहा था। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उसने प्राइवेट वाहन का इंतजाम करके अपने घायल चाचा को एलएनजेपी अस्पताल पहुंचाया। उसका चाचा अपनी ड्यूटी के लिए जा रहा था। यहां कुछ देर बाद उसके चाचा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### योग शिविर में साधकों ने सीखे स्वस्थ जीवन के सूत्र

**करनाल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अटल पार्क, सेक्टर-9 में संचालित नियमित योग कक्षा में छह दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न योग शिक्षकों ने साधकों को योगाभ्यास कराया। मुख्य योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने योगाभ्यास कराते हुए सूक्ष्म क्रियाएं, विभिन्न आसन, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि वैज्ञानिक आधार पर विकसित एक समग्र जीवन पद्धति है, जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने में सहायक है। नियमित योगाभ्यास से तनाव, अवसाद और अन्य मानसिक समस्याओं में राहत मिलती है तथा शरीर की कार्यक्षमता बढ़ती है।

### 220 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** टेरी कॉलेज में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 220 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टेरी संस्थान के वाइस चेयरमैन डॉ. वीरेंद्र गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रजनीश, ओ.पी. गर्ग मेमोरियल स्कूल, लाडवा तथा कुलविंदर कौर, जय राम कॉलेज, लोहारा माजरा उपस्थित रहे।

### सद्गुरु के प्रति पूर्ण समर्पित होकर सेवा करें

**थानेसर।** जय ओंकार आश्रम श्री ब्रह्मा मंदिर में जय ओंकार अन्तर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक श्रीश्री 1008 सद्गुरुदेव स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले एवं 1008 सद्गुरु देव स्वामी संतोष ओंकार महाराज कुरड़ी वालो द्वारा साप्ताहिक प्रवचन देते हुए कहा कि गुरु सत्ता निराकार परब्रह्म ओंकार भगवान का साकार रूप है। क्योंकि गुरु कृपा का एक ही संकेत है जब जीव के मन में गुरु प्यार की मस्ती अर्थात मन में शांति आने लगे समझो उस पर गुरु प्यार की कृपा की बरसात हो रही है।

### पौष्टिक भोजन पर टिकी है सशक्त राष्ट्र की नींव

**कुरुक्षेत्र।** विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के नागरिकों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा सुरक्षित एवं पौष्टिक भोजन को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की है। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव सुरक्षित एवं पौष्टिक भोजन पर टिकी होती है। भोजन केवल भूख मिटाने का साधन नहीं, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य, कार्यक्षमता और उज्ज्वल भविष्य का आधार है। इसलिए अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे तथा भोजन की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। आज बदलती जीवनशैली के कारण अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स, जंक फूड तथा रिफाइंड सीड ऑयल्स का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।

# चौकीदारों ने सरकार के समक्ष रखीं लंबित मांगें

## 15 को फव्वारा पार्क में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

- चौकीदार 24 घंटे अपनी सेवाएं देने के बावजूद आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की खंड स्तरीय बैठक रविवार को कर्ण पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जाकिर हुसैन ने की, जबकि संचालन हरदीप ने किया। बैठक में चौकीदारों की विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से पहुंची राज्य कार्यकारिणी सदस्य बतेरी देवी ने कहा कि ग्रामीण चौकीदार गांवों में सरकार की योजनाओं, लाभकारी नीतियों और विभिन्न सरकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इसके अलावा चौकीदार गांव में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में भी सहयोग देते हैं। उन्होंने कहा कि चौकीदार 24 घंटे अपनी सेवाएं देने के बावजूद आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। वर्तमान में सरकार द्वारा दिए जा रहे 11 हजार रुपये मासिक मानदेय से परिवार का गुजारा करना बेहद मुश्किल हो गया है। वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर कई बार सरकार को ज्ञापन भी भेजे गए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। सरकार चौकीदारों की समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रही है। पूर्व राज्य प्रधान परवारा राम ने कहा कि ग्रामीण चौकीदारों को नियमित किया जाए तथा जब तक नियमित नहीं किया जाता, तब तक उन्हें न्यूनतम 30 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाए।



करनाल। कर्ण पार्क में आयोजित हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी और सदस्य।

### सेवानिवृत्ति राशि बढ़ाएं

उन्होंने यह भी मांग उठाई कि सेवानिवृत्ति राशि बढ़ाकर पांच लाख रुपये की जाए तथा सेवा के दौरान किसी चौकीदार की आकस्मिक मृत्यु होने पर उसके परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। साथ ही विभाग में रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरा जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेशभर में उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपे जाएंगे। इसी कड़ी में करनाल में 15 जून को फव्वारा पार्क में ग्रामीण चौकीदार प्रदर्शन करेंगे और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे।

# जीवन के व्यस्त क्षणों में स्वयं के लिए जीना अनिवार्य : राकेश


नीलोखेड़ी। योग शिविर में हिस्सा लेते हुए।

- 21 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया

**नीलोखेड़ी।** समाजसेवी संस्था माँ वैष्णो सेवा समिति ने प्रधान राकेश चौधरी की अध्यक्षता में भारत स्वाभिमान (ट्रस्ट) पतंजलि योग समिति के सहयोग से बेकरी ग्राऊंड में 21 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया। संस्था के अध्यक्ष राकेश चौधरी ने बताया कि योग शिविर का एक बड़ा उपलक्ष्य आज के समय व्यस्त जीवन में स्वयं के लिए जीना अनिवार्य है उन्होंने कहा कि योग एक ऐसी क्रिया है जो मनुष्य को शारीरिक मानसिक रूप स्वस्थ रखने के साथ आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने में भी सहयोग करती है जिससे मनुष्य का तन मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। आए योग शिक्षकों हरियाणा राज्य संवाद प्रभारी सुनीता नरवाल,महिला पतंजली योग समिति प्रभारी राजरानी,भारत स्वाभिमान ट्रस्ट प्रभारी सोमनाथ अरोड़ा,कोषाध्यक्ष सुरेंद्र ने विभिन्न प्राणायाम कराए उनके लाभ बताए जीवन में खानपान सम्बन्धित विशेष जानकारियाँ उपलब्ध कराई तथा कार्यक्रम को गीतमय बनाया।राकेश चौधरी ने शहर की जनता से इस कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की।मौके पर पार्षद भूपेश जुनेजा,पार्षद प्रतिनिध केवल कृष्ण कुकरेजा,देवीशरण वासन, नितेश जुनेजा, पंकज बक्शी, साहिल कुमार सहित शहर की कई मौजिज हस्तियाँ मौजूद रही।

# विचार मंच ने की नंबरदारों की समस्याओं को लेकर बैठक

- 4 नम्बरदारों के निधन पर मौन रख श्रद्धांजलि व्यक्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के मटक माजरी स्थित पंचायत घर में नंबरदार एसोसिएशन विचार मंच इंद्री की बैठक प्रधान मेहर सिंह निर्मल की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में नंबरदारों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सरकार से नंबरदारों की अधूरी मांगों को पूरा करने की मांग उठाई गई।

इस बैठक में क्षेत्र में विगत दिनों में 4 नम्बरदारों के निधन पर 2 मिंट का मौन रख श्रद्धांजलि देकर परिवारजनों के प्रति संवेदना जताई गई। बैठक में बोलते हुए प्रधान मेहर सिंह ने कहा कि सरकार ने पिछले कार्यकाल में नंबरदारों से कई वादे कर उनकी मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया था। इस सरकार को दोबारा सत्ता में आए पौने 2 साल होने को है परन्तु अभी तक नंबरदारों से किए वायदे पूरे नहीं हुए। उन्होंने कहा कि नंबरदारों पर 60 साल की आयु में मेडिकल देने और 75 वर्ष की आयु में नंबरदारों की सेवाएं समाप्त करने तथा नए नंबरदारों की नियुक्ति पर रोक लगाने वाले सरकारी आदेश को वापस लेने का वादा किया था। बैठक में नंबरदार एसोसिएशन विचार मंच के पदाधिकारी किरण कांबोज, जगपाल सिंह, जयसिंह, बीरबल पाल, सुभाष कांबोज, जयसिंह , अमरनाथ, जयकुमार, जोगिंदर सिंह, मदन त्यागी, पूर्ण सिंह आदि मौजूद रहें।


इंद्री। पंचायत घर में बैठक करते नंबरदार एसोसिएशन विचार मंच के सदस्य ।

### पौधरोपण कर हरित भविष्य का लिया संकल्प

**करनाल।** भारत विकास परिषद श्री राधाकृष्ण शाखा की ओर से पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत पीएम श्री जी.एस.एस.एस. स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान में शाखा पदाधिकारियों, सदस्यों, विद्यालय के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। शाखा अध्यक्ष कुश सेठी ने विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में अवकाश होने के बावजूद एक विनम्र आग्रह पर बच्चों को विद्यालय बुलाकर इस अभियान को सफल बनाना सराहनीय एवं प्रेरणादायक कार्य है। कुश सेठी ने कहा कि आज लगाए गए पौधे केवल वृक्ष नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण, शुद्ध वायु और हरित भविष्य की मजबूत नींव हैं।

# शिव स्तुति और सुंदरकांड पाठ से भक्तिमय हुआ मंदिर परिसर

- पंचामृत अभिषेक के बाद भोलेनाथ का हुआ विशेष श्रृंगार, भजनों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में रविवार को भगवान शिव की विशेष आराधना, शिव स्तुति पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में नीना गुप्ता शिवम, विशाल गुप्ता, रुचिका, सिमर और जयनी ने भाग लिया। इस दौरान विधि-विधान के साथ भगवान शिव का पूजन किया गया तथा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव के अभिषेक से हुई। भोलेनाथ को दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से बने पंचामृत से स्नान करवाया गया। इसके बाद भगवान शिव को बेलपत्र, अक्षत, दुबरा, यज्ञोपवीत, गुलाल एवं अबरक अर्पित किए गए। फूलों से विशेष रूप से सुसज्जित किए गए भोलेनाथ का स्वरूप महाकाल के समान भव्य और आकर्षक दिखाई दे रहा था। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।पूजन उपरांत मंदिर में सामूहिक रूप से शिव स्तुति एवं पंचाक्षरी मंगलम का पाठ किया गया। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में भगवान शिव की आराधना कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सायंकाल में मंदिर परिसर में श्री सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड के पाठ में भाग लेकर भगवान श्रीराम और हनुमान जी का गुणगान किया तथा परिवार एवं समाज के कल्याण की प्रार्थना की।


करनाल। श्री राम मंदिर सेक्टर-8 में शिव स्तुति करते श्रद्धालु।

# कोर्ट कर्मचारी ने लगाया फंदा लिव-इन रिलेशनशिप मामला

- फोन पर विवाद के बाद उठाया आत्मघाती कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के पॉश इलाके मॉडल टाउन की सैनी कॉलोनी में एक किराए के मकान में रह रहे 25 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रोहित कुमार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से चंडीगढ़ का रहने वाला था और करनाल कोर्ट में कर्मचारी के तौर पर कार्यरत था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया गया है। शनिवार शाम को रोहित का शव उसके कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। पड़ोसियों द्वारा मामले की जानकारी दिए जाने पर मॉडल टाउन चौकी पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस को मृतक के कपड़ों या कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे शुरुआत में आत्महत्या के कारणों पर सस्पेंस बना हुआ था। मामले की गहन जांच के दौरान सामने आया है कि रोहित पिछले कुछ समय से एक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। परिजनों का आरोप है कि महिला ने रोहित को अपने जाल में फंसाया हुआ था।

### पैक्स कर्मचारी महासंघ कुरुक्षेत्र की नई कार्यकारिणी का गठन

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र पैक्स कर्मचारी महासंघ की महत्वपूर्ण बैठक जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई, जिसमें जिले की विभिन्न प्राथमिक सहकारी समितियों (पैक्स) से जुड़े कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से जिला कुरुक्षेत्र पैक्स कर्मचारी महासंघ की नई कार्यकारिणी में ज्ञानी राम को प्रधान, महेंद्र पाल शर्मा बारना को महासचिव तथा रमेश कुमार बोधनी को वरिष्ठ उपप्रधान नियुक्त किया गया। सूरजभान, बालकृष्ण और विशाल चनारथल को उपप्रधान, विक्रम राणा चनालहेड़ी पिहोवा को सचिव, मुनीष शाहाबाद को सहसचिव बनाया गया।

# दीपेंद्र ने पेपर लीक, महंगाई को लेकर सरकार को घेरा

- असंध में कांग्रेस ने किया विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले के असंध में कांग्रेस द्वारा एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में रोहतक लोकसभा क्षेत्र से सांसद दीपेंद्र हुड्डा पहुंचे और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान दीपेंद्र हुड्डा ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार पर तीखे हमले किए और कई गंभीर सवाल उठाए। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि 2014 से पहले भी नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं होती थीं, लेकिन तब कभी पेपर लीक होने की घटनाएं सामने नहीं आती थीं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर 2014 के बाद ही लगातार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं? उन्होंने दावा किया कि अब तक करीब 90 परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं, जिससे देश के युवा भारी मानसिक दबाव में हैं और इस हताशा के कारण छह बच्चों ने आत्महत्या तक कर ली है। हुड्डा ने सीधे तौर पर मांग की कि यदि इस स्थिति में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा नहीं मांगा जाएगा, तो फिर किससे मांगा जाएगा। हुड्डा ने सरकार के उस फैसले की भी कड़े शब्दों में निंदा की, जिसके तहत सीबीएसई के चेयरमैन को पद से हटाकर कृषि विभाग में सचिव नियुक्त किया गया है।

## न्यूज डायरी

### युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक : नीरू देवी




**इंद्री।** माय भारत करनाल के अंतर्गत इंद्री ब्लॉक में युवा विकास अभियान का आयोजन किया गया । इस अभियान का संचालन माय भारत वॉलंटियर, राज्य युवा अवार्डी नीरू देवी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के युवाओं को युवा क्लबों के गठन की प्रक्रिया, उनके महत्व तथा समाज एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जा रही है। नीरू देवी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को संगठित कर उन्हें सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक विकास गतिविधियों से जोडना है, ताकि युवा अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का सकारात्मक दिशा में उपयोग कर सकें। युवाओं को बताया गया कि किस प्रकार गांव एवं वार्ड स्तर पर युवा क्लब गठित किए जा सकते हैं तथा इन क्लबों के माध्यम से विभिन्न जनहित गतिविधियों का संचालन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं की भागीदारी समाज विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि युवा संगठित होकर कार्य करें तो स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, पर्यावरण संरक्षण, खेल गतिविधियां, शिक्षा जागरूकता, डिजिटल साक्षरता तथा महिला सशक्तिकरण जैसे अनेक क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि माय भारत मंच युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने एवं समाज सेवा से जुडने का एक सशक्त अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई और उन्हें बताया गया कि कैसे वे अपने क्षेत्र में युवा क्लब बनाकर विभिन्न युवा विकास एवं सामुदायिक विकास गतिविधियों का आयोजन कर सकते हैं। इस अभियान मे युवाओं ने बढ़-चढकर भाग लिया तथा भविष्य में अपने-अपने क्षेत्रों में युवा क्लब गठित कर सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### शिव महापुराण कथा के बाद भंडारे का समापन

**घरौंडा।** श्री शिव महापुराण कथा समाप्त होने के बाद प्रशोतम मास मैं एक सप्ताह चला अटूट भंडारे का रविवार को समापन हों गया है दादा नगरखेड़ा की कृपा से 17 मई से 23 मई 2026 तक शिव कथा का आयोजन किया गया था, उसके बाद 25 मई से 7 जून तक नई अनाज मंडी गेट बस स्टैंड पर लगातार भंडारा चलाया गया, जिसमे जलेवी, अन्य नए नए पकवान श्रद्धालुओं को दिए गए, श्रद्धालुओं ने भी भंडारे की तारीफ की है,, भंडारे समापन पर मालपुडा, कड़ी चावल, पूरी हलवा का प्रशाद बनया गया,एक सप्ताह पूर्व विधानसभा स्पीकर हरविंदर कल्याण ने भी इसी भंडारे मैं पहुंचकर जलेबी का आंनद लिया था, और नगरखेड़ा पर भंडारे मैं शिरकत की थी,, भंडारे में समाजसेवी संदीप गर्ग , आशु गर्ग, रोहित भंडारी, सन्नी राणा, संजीव सैन, रिंकू राणा विजय मित्तल, अश्वनी चौधरी, सुनील कुच्छल, राजेंद्र पाल, श्याम लाल अंरोडा, सत्यनारायण शर्मा,नगरखेड़ा प्रधान जोगिंदर राणा, महाराणा प्रताप सभा प्रधान अमित राणा, समजिक एवं धार्मिक संस्थाओ का पूरा सहयोग रहा,भंडारे मैं प्रतिदिन अलग अलग संत महात्मा ने शुभारम्भ किया, ब्रह्माकुमारी आश्रम से रेणु बहन, शिव मंदिर थाना दंडी स्वामी शकराश्रम महाराज, जीतपुरी मंदिर स्वामी हराहरनंद जी महाराज, साईं मंदिर पुजारी मुकेश ने शिरकत कर श्रधांलुओं प्रशोतम मास मैं भंडारे लगाने का महत्व बताया।

## श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर की ओर से लगाई गई मीठे जल की छबील

# गर्मी में राहगीरों के लिए बनी राहत की छांव

- राहगीरों और स्थानीय लोगों ने इस सेवा कार्य की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत पहुंचाने और सेवा भाव का संदेश देने के उद्देश्य से श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर बैंक कॉलोनी एवं कर्म सिंह कॉलोनी की ओर से रविवार को ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई। रेस्ट हाउस के बाहर आयोजित इस सेवा कार्य में मंदिर के सेवादारों ने बड़ी संख्या में राहगीरों को मीठा एवं शीतल जल पिलाया।

सेवादारों ने बताया कि गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना जाता है। इसी भावना के साथ मंदिर की ओर से यह छबील लगाई गई, ताकि राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों और अन्य लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके। छबील पर दिनभर लोगों का आना-जाना लगा रहा और सभी ने ठंडा जल ग्रहण कर राहत महसूस की। सेवादारों ने कहा कि भगवान श्री हनुमान की कृपा से यह सेवा कार्य किया गया है। समाज सेवा और जनकल्याण मंदिर की परंपरा का हिस्सा है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जल सेवा से बड़ा कोई दान नहीं है और गर्मी के दिनों में इसकी महत्ता और बढ़ जाती है। सेवादारों ने बताया कि मंदिर की ओर से समय-समय पर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सभी प्रमुख त्योहार भी मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाए जाते हैं।



करनाल। रेस्ट हाउस के बाहर छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा मीठा जल पिलाते श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के सेवादार।

### श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर की विशेष मान्यता

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर की विशेष मान्यता है और दूर-दूर से श्रद्धालु यहां दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि श्री पंचमुखी हनुमान अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने मंदिर की ओर से किए गए इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

**करनाल।** हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति करनाल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में गुरु नानक खालसा कॉलेज में जलवायु परिवर्तन, भीषण गर्मी और कृषि विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरणीय चुनौतियों, कृषि पर उनके प्रभाव और संभावित समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।

सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जियोग्राफी विभाग से सेवानिवृत्त प्रो. महावीर जागलान उपस्थित रहे। उन्होंने डार्विन की थ्योरी का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहे हैं। 18वीं शताब्दी में यूरोप में पूंजीवादी व्यवस्था स्थापित होने के बावजूद दूसरे विश्व युद्ध तक पर्यावरण की स्थिति अपेक्षाकृत संतोषजनक थी।

## खबर संक्षेप



### मंदिर में बनाया नैनो जंगल में रौपे 31 पौधे

**पानीपत।** आर्य समाज बापौली परिसर में डा.हेमा रमन के नेतृत्व में संस्था नई राह द्वारा नैनो जंगल.31 का निर्माण किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बड़ी संख्या में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। नैनो जंगल में नाशपाती, अमरूद, रीठा, जामुन आदि सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में भाजपा बापौली मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया।

### गोयला खुर्द में फ्री हेल्थ कैंप में मरीजों की जांच

**पानीपत।** रिटायर कर्मचारी संघ जिला के सौजन्य से गांव गोयला खुर्द में इंद्रप्रस्थ हॉस्पिटल जीटी रोड समालखा द्वारा एक फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें मुख्य रूप से रिटायर कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष वजीर सिंह एवं महासचिव रतन जिंदल ने फ्री मेडिकल कैंप का उद्घाटन किया। डॉ.राजा मेडिशन, डॉ.दिवंशु हड्डी रोग विशेषज्ञ की टीम ने सैकड़ो मरीजों का मेडिकल चेकअप किया तथा मरीजों को फ्री दवाईया दी। सतबीर चलिया, कृष्ण रावल, राज्य प्रधान वजीर सिंह, राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान बलवान सिंह आदि रहे।

## शिक्षा किसी भी समाज को आगे बढ़ाने की कुंजी : किशन लाल पांचाल

# 211 विद्यार्थी व 50 विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

**पांचाल शिक्षा समाज समिति का सम्मान समारोह सम्पन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हमारा पांचाल समाज शिक्षा समिति द्वारा आज आर्य कॉलेज के सभागार में पांचवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें पांचाल समाज के 10वीं व 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 211 बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह में समाजसेवी जयपाल पांचाल रोहतक के पुत्र राहुल पांचाल मुख्य अतिथि, किशन लाल पांचाल अति विशिष्ठ अतिथि रहे। वहीं अध्यक्षता पांचाल समाज के जिलाध्यक्ष विपिन पांचाल एवं शिक्षा मंत्री के निजी सचिव गुलाब पांचाल ने संयुक्त रूप से की। समारोह में बोलते हुए कृष्ण लाल पांचाल ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज को आगे बढ़ाने की कुंजी है। इसलिए



पानीपत। दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ करते अतिथिगण व आयोजक ।



पानीपत। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक ।

### स्वामी भीष्म अवार्ड सेवा सम्मान से नवाजा

जिला परिषद सदस्य शिखा पांचाल व निगम पार्षद कोमल पांचाल ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षा केवल परिवार,समाज की नहीं बल्कि देश की भी तरक्की के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। लेफ्टिनेंट गौरव पांचाल, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान प्रिंस पांचाल, सहायक प्रोफेशर रोहित पांचाल, 12वीं कक्षा में आल इंडिया में द्वितीय स्थान पर आने वाले पुनित सोलंकी एवं समाज के अन्य क्षेत्रों में उपलब्यिां प्राप्त करने वाले लोगों को स्वामी भीष्म अवार्ड समाज सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं तकनीकी क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले लोगों को विश्वकर्मा कौशल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अपने बच्चों को शिक्षित करने में कोई कोर कसर ना छोड़े। इसके लिए शिक्षा समिति भी जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाने में मदद करने के लिए 24 घंटे तैयार है। समिति के प्रधान बलजीत पांचाल महम ने सभी अतिथियों व सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी समिति समाज में शिक्षा को बढ़ाने के लिए अपना जन जागरण अभियान जारी रखेगी। समारोह में अंजेश पांचाल,प्रदीप पांचाल, ईशा पांचाल,मनोज पांचाल व शिवम पांचाल ने अपने भजनों के माध्यम से जागरूक किया। वहीं मंच संचालन सुभाष पांचाल व प्रिंसिपल अनिल पांचाल ने किया। इस अवसर पर गोहाना रोड श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा के प्रधान राजकुमार पांचाल, उप प्रधान चमन लाल पांचाल, प्रवीण पांचाल,महासचिव अजय पांचाल, कोषाध्यक्ष सुशील पांचाल, प्रो.हितेश पांचाल, महाबीर पांचाल, इन्द्र पांचाल, कंवल किशोर पांचाल, शिवकुमार भीमड़ा व मनोज पांचाल, श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान रोहतास पांचाल, जितेंद्र कंड़ेला, बबलु पांचाल, जितेंद्र पटवा, विनोद पांचाल दलहेड़ी, राजेंद्र पांचाल भंड़ारी, राममेहर पांचाल, रविंद्र पांचाल राणा माजारा, अजीत पांचाल, सत्यप्रकाश पांचाल, ओमदत्त पांचाल, सुरेंद्र पांचाल, सुधीर बड़ाला, सुषमा पांचाल, आशा किशोर, बिमला पांचाल, रामबीर पांचाल, सुभाष बिराल, डा.इन्द्रपाल पांचाल, तरूण तावड़ा, प्रो.अशोक पांचाल, मोहित पांचाल व डा.सुनील पांचाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



पानीपत। सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वालों को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक ।



पानीपत। बैठक में भाग लेते हुए माकपा पदाधिकारी । फोटो : हरिभूमि

### जनविरोधी नीतियों के खिलाफ चलेगा आंदोलन

**पानीपत।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की जिला कमेटी की बैठक क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी कामरेड शिव वर्मा स्मारक भवन, गीता कॉलोनी में जिला अध्यक्ष का. राजपाल की अध्यक्षता में हुई। पार्टी के राज्य सचिव का. प्रेमचंद ने केंद्र व राज्य सरकार की आर्थिक नीतियों को जनविरोधी बताते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, कृषि संकट, पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली से आम जनता परेशान है। राज्य कमेटी सदस्य का.सुनील दत्त ने कहा कि बढ़ती खेती लागत, श्रम कानूनों में बदलाव और सरकार की नीतियों से किसान व मजदूर संकट में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बड़े पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है तथा सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के जरिए जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटका रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी 1 से 30 जून तक जनसमस्याओं और साम्राज्यवाद के बढ़ते खतरे के खिलाफ जनजागरण व आंदोलन चलाएगी। बैठक का संचालन जिला सचिव डॉ. सुरेंद्र मलिक ने किया। इस अवसर पर राजेंद्र छोकर, जय भगवान, रामकुमार यादव, पायल, कंवर सिंह छोकर आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। योग कक्षा में भाग लेते पानीपत पतंजलि के प्रभारी शीशपाल ।

### योग के साथ प्रकृति का भी सम्मान करें : शीशपाल

**पानीपत।** हमें योग के साथ साथ प्रकृति का भी सम्मान करना चाहिए और भरपूर मात्रा में पेड़ पौधे लगाने चाहिए। दर असल ज्यादातर औषधी हमें इन पेड़ पौधों से ही मिलती है। यह विचार पानीपत पतंजलि के प्रभारी शीशपाल ने विभिन्न क्लासों में जाकर वयक्त किए। शीशपाल ने बताया की आयुर्वेद के अंदर हर प्रकार की बीमारी का इलाज है और साथ में योग करना सोने पर सुहागा है। जितना हम योग करेंगे उतनी ही हमारी बीमारी खत्म होगी। यदि बीमारी आ भी जाती है तो हमें आयुर्वेद का सहारा लेना चाहिए। शीशपाल ने आज तीन क्लासों में जाकर योग का प्रोटोकॉल भी समझाया आखिर में सेक्टर 17 की क्लास में जाकर उन्होंने सभी योग साधकों को योग की कई टिप्स दी। इस अवसर पर अविनाश गिरधर, सुनीता खुराना, धर्मपाल रोहिल्ला, संजीव व कृष्ण रेवड़ी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर डा.अर्चना गुप्ता ने मांगी दुआ

■ देवघर की आध्यात्मिक ऊर्जा वास्तव में अद्भुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर लौटतीं डा.अर्चना गुप्ता ।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता ने परिवार के साथ झारखंड के देवघर स्थित विश्व प्रसिद्ध एवं अत्यंत पवित्र बाबा बैद्यनाथ धाम ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर विधि.विधान से पूजा.अर्चना की। इस अवसर पर संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा भी उनके साथ उपस्थित रहे। डा.अर्चना गुप्ता ने बाबा बैद्यनाथ के दरबार में माथा टेककर प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि और कल्याण की मंगल कामना की। दर्शन के उपरांत डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि देवघर की आध्यात्मिक ऊर्जा वास्तव में अद्भुत है। बाबा बैद्यनाथ मंदिर के इस पावन और शिवमय वातावरण में मन को मिलने वाली शांति अलौकिक है। उन्होंने कहा कि देवघर की अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा, श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और चारों ओर व्याप्त शिवमय वातावरण ने उनके मन को असीम शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग की यह यात्रा उनके जीवन के सबसे अविस्मरणीय और आध्यात्मिक अनुभवों में से एक बन गई है।



पानीपत। श्री सनातन धर्म सभा की बैठक में भाग लेते पदाधिकारी ।

### सनातन धर्म सभा की बैठक में लिया पुरुषोत्तम मास कथा के भोग और भंडारे का निर्णय

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म सभा की बैठक आज सभा परिसर में प्रधान तरुण गांधी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 14 जून को पुरुषोत्तम मास मलमास कथा का भोग डाला जाएगा तथा 15 जून को प्रातःकाल हवन व विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इसके अलावा सावन में शिव पुराण कथा आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया है। इसके अलावा जन्माष्टमी महोत्सव को भी पिछले वर्षों की भांति भव्य और श्रद्धापूर्ण तरीके से मनाने की तैयारियां शुरू करने पर सहमति बनी। सभा ने अपनी महत्वाकांक्षी शिवालय मंदिर परियोजना की विस्तृत रूपरेखा सदस्यों के सामने रखी। इस परियोजना के अंतर्गत परिसर में 12 ज्योतिर्लिंगों सहित एक भव्य शिवधाम का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही नवग्रह मंदिर की स्थापना और बेसमेंट निर्माण की योजना पर भी विचार.विमर्श किया गया। बैठक में सभा के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लोगों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत डॉ.नवीन नैन भालसी द्वारा संचालित जनहित अभियानों की श्रृंखला में आज रविन्द्रा मातृत्व एवं सामान्य चिकित्सालय पानीपत की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम के सहयोग से मडलौडा मुख्य चौक पर आयोजित तृतीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क औषधियों का लाभ उठाया। डा.अंगद सिंह जोड़ रोग विशेषज्ञ, डा.शर्मिला स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ तथा डा.आशीष सहगल किरण एवं चित्रण जांच विशेषज्ञ सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया। डॉ.नवीन नैन भालसी ने बताया कि एक माह से ग्रामीण क्षेत्र में समाज सेवा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से अनेक महत्वपूर्ण पहलें संचालित की जा रही हैं। ग्राम भालसी में महिलाओं एवं बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया गया हैए जहां बड़ी संख्या में महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से लगातार निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है।




पानीपत। शिविर में सेवा करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित करते आयोजक ।

## भागवत भगवान दर्शन का सुलभ साधन : स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री मानव चेतना केंद्र ऋ षिकेश से पधारे भागवत भूषण श्री स्वामी ब्रह्मस्वरूपानंद जी महाराज ने श्री जी चौहान परिवार द्वारा आयोजित श्री भागवत कथा ज्ञान यज्ञ गुजर भवन सेक्टर 24 के सत्संग हाल में आज श्री कृष्ण जी की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए ब्रजबाला गोपियों संग महारास, माखन चोरी, पूतना राक्षसी के प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माखन चोरी से वह गोपियों के मन की चोरी का आशय मानते रहे। वह चाहते थे कि उनके यहां का दूध, दही, घी, माखन अत्याचारी कंस के क्षेत्र में न जाए। इसे खा पी कर कंस के व्यभिचारी हमारे ऊपर जुल्म न करें। आज कथा समारोह में जगदीश चौहान, नरेंद्र चौहान, गिरिजेश, विनय,जनसेवादल से कृष्ण मनचंदा, युधिष्ठिर शर्मा,महासचिव चमन गुलाटी, श्याम खूंगर,अशोक कपूर, अशोक अरोरा, लेखराज राज जताना आदि सभी सेवकों ने मिलकर श्री भागवत पुराण ग्रंथ की आरती उतारी।



## कंप्यूटर लैब अटेंडेंट शिक्षा मंत्री निवास पर 11 को करेंगे प्रदर्शन : करमजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कम्प्यूटर लैब अटेंडेंट 14 वर्षों से अधिक लंबे समय से हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कार्य कर रहे हैं। जिनका वर्तमान में वेतन 12 हजार रुपये हैं जो सिर्फ साढ़े 10 महीने का मिलता है, गर्मी व सर्दी की छुट्टियों का वेतन काट लिया जाता है। पानीपत जिला प्रधान विक्रांत ने आज जिला कमेटी की मीटिंग में कहा कि वर्तमान सरकार के द्वारा 2024 में हरियाणा सर्विस सिक्योरिटी एक्ट बनाया गया। जिसमें कच्चे कर्मचारियों को 58 साल सेवा सुरक्षा निर्णय देने का प्रावधान रखा गया था और कंप्यूटर लैब अटेंडेंट 14 वर्षों से अधिक से अनुबंध आधार पर हरियाणा के सरकारी स्कूलों में सेवाए दे रहे और सबसे पहले हरियाणा सर्विस सिक्योरिटी एक्ट में कवर है। कंप्यूटर लैब अटेंडेंट ने निर्णय लिया है कि प्रदेश भर के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट 11 जून को हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के निवास पर पानीपत में इक_ होंगे और जोरदार प्रदर्शन करेंगे और अपनी मांग रखेंगे। मीटिंग में 11 जून को भारी संख्या में पहुंचने के लिए अपील की गई। मीटिंग में ब्लॉक प्रधान नीरज, योगेंदर कुमार, प्रदीप, योगेश कुमार व संजीव आदि शामिल हुए।



पानीपत। प्रदर्शन को लेकर बैठक करते कंप्यूटर लैब अटेंडेंट ।

### आज सोमनाथ दर्शन के लिए जाएगी विशेष ट्रेन

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत आज सोमवार को सोमनाथ दर्शन के लिए एक स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। उन्होंने बताया कि इस स्पेशन ट्रेन को कुरूक्षेत्र से मुख्यमंत्री नायब सैनी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उ उन्होंने बताया कि इस यात्रा में आवेदक पहले आओए पहले पाओ के आधार पर यात्रा की सुविधा ले सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन उपरांत जिला सचिवालय स्थित जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के कार्यालय में रजिस्ट्रेशन की सूचना देनी होगी। उन्होंने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों के निःशुल्क दर्शन करवाना है।



पानीपत। इंपीरियम पाम पौधरोपण करते हुए भारत विकास परिषद के पदाधिकारी।

### भाविप ने इंपीरियम पाम में किया पौधरोपण

**पानीपत।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में आज पर्यावरण संयोजक सुभाष मित्तल के नेतृत्व में सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद लव कुश शाखा द्वारा पौधरोपण किया गया। समाजसेवी गौरव गोयल, कृष्ण गोयल, अमृत चौधरी, मुकेश गुप्ता, अंजना, सिम्मी कपूर, अंकित ने भाग लिया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सुभाष मित्तल ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, घटता भूजल स्तर और लगातार कम होती हरियाली मानव जीवन के लिए बहुत खतरनाक बनती जा रही है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

## संस्कारों की उड़ान में बचपन को मिले दिव्य गुणों के पंख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सेक्टर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा बच्चों के लिए विशेष आध्यात्मिक समर कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें संस्कारों की उड़ान विषय पर बच्चों के जीवन को सुंदर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस कैंप में बच्चों को पढ़ाई के साथ.साथ अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्य और अध्यात्म की सीख दी जाती है। ममता गोयल द्वारा भागवत गीता के श्लोक सुनाये गए। केंद्र की संचालिका बीके अंजना ने कहा कि नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि जीवन जीने की सही कला सिखाती है। वहीं कार्यक्रम में आये हुए सभी बच्चों को सुन्दर पिकनिक कराई तथा सभी को प्रसाद दिया गाया।

### ब्राह्मण महासंघ ने की नए पदाधिकारियों की घोषणा, आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा

# ब्राह्मण समाज को संगठित, जागरूक व शिक्षित बनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ब्राह्मण महासंघ हरियाणा की जनरल बैठक रविवार को बरसत रोड स्थित वधावा राम कॉलोनी के भगवान परशुराम मंदिर में श्री श्री 1008 ब्रह्मऋषी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित की गई। बैठक में ब्राह्मण समाज को संगठित, जागरूक और शिक्षित बनाने के उद्देश्य से व्यापक विचार.विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकजुटता, शिक्षा और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देकर ही नई पीढ़ी को मजबूत दिशा दी जा सकती है। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार को गति देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। महासंघ ने ब्लॉक मतलौडा का प्रधान मा.रामकुमार कवि, इसराना का प्रधान राजबीर, सनौली का प्रधान महेश त्यागी सरपंच, बापौली का प्रधान नरेश शास्त्री, समालखा का प्रधान शिव कुमार बिहोली तथा पानीपत का प्रधान कृष्ण एडवोकेट आट्टा को नियुक्त किया। इसके अलावा संगठन ने संजीव भारद्वाज को पानीपत शहरी जिला प्रधान, नरेश शर्मा आसन को पानीपत ग्रामीण जिला प्रधान तथा अशोक वत्स छदिया को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। नवनियुक्त पदाधिकारियों का महासंघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने फूल.मालाएं पहनाकर और पगड़ी बांधकर भव्य स्वागत किया। वहीं बैठक में पहुंचे सभी सदस्यों का पटका, बिल्ला और टोपी पहनाकर सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई। उपस्थित वक्ताओं ने समाज के युवाओं को शिक्षा, संस्कार और सामाजिक सेवा से जोडऩे का आह्वान किया तथा संगठन को गांव.गांव और शहर.शहर मजबूत बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त प्रधान एक महीने के अंदर वार्ड स्तर पर 11 व ब्लाक स्तर पर 21 सदस्यों की एक कमेटी बनायेंगे। जिसकी हर महीने एक मासिक बैठक होगी। रोहित गौतम ने घोषणा की कि संगठन को पूरे प्रदेश में मजबूत बनाने के लिए चार जिलों का जोन बनाया गया है तथा शीघ्र ही जोन स्तर पर बैठक कर नवम्बर में प्रदेश स्तरीय रैली की जाएगी। वहीं बैठक में समापन पर भगवान परशुराम मंदिर के प्रधान जेपी शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विरेंद्र शर्मा, सुरभि शर्मा एडवोकेट, सतीश शर्मा, एडवोकेट कृष्ण कुमार, रामपाल शर्मा, पवन डिकाडला, मा.संजय शास्त्री, डा.महेंद्र वैध, मा.राजेश शर्मा, सत्यवान शर्मा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। ब्राह्मण महासंघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते सदस्य ।



पानीपत। ब्राह्मण महासंघ की बैठक को संबोधित करते प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ।

## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी मामले में चौथा आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर पुलिस ने बोतल से वार कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त चौथे आरोपी को काबू किया है। जांच अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता सरवन कुमार निवासी कृष्णा गली बाजार कलाल माजरी ने 27 मई 2026 को शिकायत दी थी कि सिटी मोटर इंडियन पेट्रोल पंप नजदीक मंजी गुरुद्वारा साहिब पर आरोपियों ने रंजिश रखते हुए बोतल से वार कर मारपीट करते हुए चोटें मारी और जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त आरोपी रोहित सिंह वासी गांव मकरंदपुर यूपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त आरोपी अर्जुन, रोहित पांडे व राकेश को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### मारपीट व हत्या के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-2 ने मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए हत्या का प्रयास कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया है। सीआईए-2 के उप निरीक्षक रवि कुमार ने बताया कि परिवादी आकाश ने 16 मई 2026 को थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में शिकयत दी थी कि आरोपी जवान प्रीत सिंह व अन्य ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए हत्या का प्रयास कर जान से मारने की धमकी दी है। जांच टीम ने मामले में संलिप्त आरोपी जवान प्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है।

### ट्यूबवेल से तार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव गोला स्थित ट्यूबवेल से तारे चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू किया है। शिकायतकर्ता हरविंद्र सिंह ने 5 जून 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपी नरेंद्र कुमार ने गांव गोला में स्थित ट्यूबवेल से तारें चोरी की हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी नरेंद्र कुमार उर्फ सोनू को काबू किया है।

### एसडीओ की मौत पर मंत्री विज ने जताया दुख

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले एसडीओ विकास बंसल जी के पिता से बात की और घटना को लेकर गहरा दुख जताया।ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि घटना को लेकर वह दुखी है। उन्होंने कहा कि वो बिजली विभाग के मंत्री है और बिजली विभाग उनका परिवार है। उन्होंने स्व. एसडीओ के पिता से बात कर ढांढस बंधाते हुए उन्हें सांत्वना दी।

### पेयजल संकट दूर करने के लिए काटे 16 अवैध कनेक्शन

**अंबाला।** क्षेत्र में पेयजल संकट को दूर करने और जल आपूर्ति को सुचारू बनाने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने अवैध पेयजल कनेक्शन धारकों के खिलाफ कार्रवाई की है। विभाग की विशेष टीम ने ग्राम मिठापुर में 16 अवैध कनेक्शनों को मौके पर ही काट दिया। कार्यकारी अभियंता हरभजन सिंह के निर्देशानुसार टीम ने पिछले दिनों गांव में जांच कर कई अवैध कनेक्शन चिह्नित कर उन्हें नोटिस जारी किया था।

---

#### जांच के दौरान 103 सैंपलों में से 26 हुए फेल, लोगों के उड़े होश

# दूध डेयरियों पर बिकने वाला देसी घी व पनीर सेहत के लिए बेहद खतरनाक

त्यौहारी सीजन में लिए गए घी व पनीर के सैंपल फेल,जांच के दौरान मिला घातक कैमिकल, अब संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** घी व पनीर के सैंपलों की जांच करते अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

सावधान! ट्विन सिटी की दूध डेयरियों पर बिकने वाला देसी घी व पनीर सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। डेयरी संचालक देसी घी व पनीर में ऐसा कोई कैमिकल मिला रहे हैं जिसके खाने पर शरीर के कई अंगों को भारी नुकसान हो सकता है। दरअसल त्यौहारी सीजन के दौरान देसी घी व पनीर के लिए कई सैंपल फेल हो गए। इन सैंपलों में जांच के दौरान यह खतरनाक कैमिकल पाया गया है। अब स्वास्थ्य विभाग इन डेयरी संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से त्यौहारी सीजन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत खाद्य पदार्थों के कई सैंपल लिए गए थे। अब इनकी जांच रिपोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग से लेकर लोगों तक के होश उड़ा दिए हैं। लैब की रिपोर्ट के अनुसार, कुल लिए गए नमूनों में से करीब 25 फीसदी सैंपल फेल पाए गए हैं जिनमें से कई तो सीधे तौर पर सेहत के लिए असुरक्षित घोषित किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर विभाग की टीम ने दूध, घी, पनीर, मावा और मिठाइयों सहित 103 खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए थे। इन सभी नमूनों को गहन जांच के लिए करनाल स्थित प्रयोगशाला (लैब) भेजा गया था। हाल ही में आई इन खाद्य पदार्थों की रिपोर्ट ने मिलावटखोरों की करतूत की पोल खोलकर रख दी। जांचे गए 103 सैंपलों में से कुल 26 सैंपल फेल साबित हुए हैं। फेल सैंपलों को दो श्रेणियों में बांटा गया है। पहली असुरक्षित श्रेणी में 6 सैंपल मिले। इनमें सबसे ज्यादा संख्या देसी घी और पनीर की है। इनमें ऐसी मिलावट पाई गई है जो मानव शरीर के लिए बेहद हानिकारक है। 20 सैंपल कम गुणवत्ता के मिले। इस श्रेणी में मावा, रंग-बिरंगी मिठाइयां और रसगुल्ला शामिल है। यह निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे।जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार रिपोर्ट के आधार पर मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं। कम गुणवत्ता वाले मामलों में जहां एडीसी कोर्ट में जुर्माना लगाया जाएगा वहीं असुरक्षित श्रेणी के सैंपल वाले दुकानदारों और मैन्युफैक्चरर्स के खिलाफ आपराधिक मामला कोर्ट में दर्ज किया गया है।

#### त्यौहारी सीजन में होती है सैंपलिंग

ट्विन सिटी में सालों से मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री हो रही है। यह कारोबार निरंतर चल रहा है। आमतौर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग का कारोबार केवल त्यौहारी सीजन में होता है। न इससे पहले किसी दुकान से कोई सैंपल लिया जाता है न ही इसके बाद कार्रवाई होती है। यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। इसकी वजह से मिलावटी खाद्य पदार्थों का सेवन करने वाले लोग बीमार हो रहे हैं। देसी घी व पनीर के साथ मिठाईयों में सबसे ज्यादा मिलावट हो रही है। खासकर त्यौहारी सीजन में मिलावटी मिठाईयों का इस्तेमाल ज्यादा होता है। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी ठोस कदम नहीं उठाते हैं। हालांकि विभागीय अधिकारियों की मानें तो जांच स्टाफ की कमी के कारण निरंतर खाद्य पदार्थों के सैंपल नहीं लिए जाते हैं। सैंपलों की रिपोर्ट आने में भी समय लगता है। इसी वजह से मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई करने में देरी होती है

---

## बच्चों को योग व मेडिटेशन के महत्व की दी जानकारी


**अंबाला।** कैंप के समापन अवसर पर बच्चे व बीके बहनें।

- शांतिधाम में तीन दिन से चल रहा समर कैंप उत्साह के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दयाल बाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम में अंबाला सबजोन डॉयरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी के मार्गदर्शन में आयोजित त्रिदिवसीय डिवाइन किड्स समर कैंप समाप्त हो गया। कैंप में बच्चों को उनके रोजमर्रा के कार्यों में सही निर्णय लेने में उनका मार्गदर्शन करना, उनमें छिपी कला को निखारना, स्वस्थ जीवनशैली द्वारा कैसे वो अपने आपको खुश रखें। अच्छा महसूस कराएं सिखाना और आज के तनाव भरे माहौल में सदा रिलेक्स रहने के लिए जीवन में योग व मेडिटेशन का महत्व बताना रहा। समर कैंप में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी-अपनी रूचि के अनुसार डांस, संगीत, योग, आर्ट एंड क्राफ्ट और मेमोरी पॉवर इनक्रीस आदि विभिन्न गतिविधियों को सीख कर अपनी-अपनी प्रतिभा और कौशल का विकास किया। इसी के साथ बच्चों को क्या खाना चाहिए और क्या नहीं इसके बारे में भी विस्तार से बताया गया। बच्चों को हेल्दी टिप्स बताएं। विद्यार्थियों को मूल्यनिष्ठ बातें सिखा उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने की दिशा बताई गई। इसमें विद्यार्थियों को सिखाया गया कि किस प्रकार राजयोग मेडिटेशन के सहज अभ्यास द्वारा अपने दिमाग़ को शांत कर सही ग़लत का चुनाव करना हैं व किस प्रकार राजयोग द्वारा अपने शरीर को स्वस्थ किया जा सकता हैं। बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए योग स्टेप सिखाए। तीनों ही दिन सभी बच्चों को ईश्वरीय प्रसाद व रिफ्रेशमेंट भी दी गई। कैंप की समाप्ति पर सभी बच्चों को हैप्पी हार्ट स्कूल के प्रिंसिपल स्मृति सामरा व डॉक्टर अनमोलिका जी द्वारा सर्टिफिकेट के साथ साथ उपहार भी दिए गए।

---

## तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा को मारी टक्कर, युवती घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

पंचकुला जिले के गांव बागवाला की रहने वाली एक युवती को तेज रफ्तार कार द्वारा टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दुर्घटना शहजादपुर-पंचकुला नेशनल हाईवे पर साहा से पंचकुला मार्ग पर ककक्ड़माजरा के पास घटित हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवती अपनी एक्टिवा समेत उछलकर पक्की सड़क पर जा गिरी, जिससे उसके मुंह, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने इस संबंध में आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता साहिलप्रीत कौर ने बताया कि वह ओरेन सेंटर से कोर्स कर रही है। बीते रोज वह अपने निजी काम से एक्टिवा पर सवार होकर शहजादपुर गई थी। शाम करीब सात बजे जब वह अपना काम खत्म कर वापस अपने गांव बागवाला लौट रही थी तभी ककक्ड़माजरा की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उसकी एक्टिवा को पीछे से सीधी टक्कर मार दी। दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। भीड़ को देखकर आरोपी कार चालक अपनी गाड़ी को साइड में रोककर थोड़ी देर के लिए रुका, जिसका फायदा उठाकर पीड़िता ने कार का नंबर नोट कर लिया। हालांकि चालक भीड़ का फायदा उठाकर अपनी कार सहित मौके से फरार होने में कामयाब रहा। उपस्थित राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना पीड़िता के परिजनों को दी। परिजनों ने घायल युवती को तुरंत इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया।



### निःशुल्क नेत्र शिविर में 53 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**शहजादपुर।** श्री सनातन धर्म महावीर दल के तत्वाधान में रविवार को लगाए गए निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 53 नेत्र रोगियों ने अपने नेत्रों की विभिन्न बीमारियों की जांच करवाई। स्थानीय बजरंग भवन में लगाया गया यह शिविर कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक के सहयोग से लगाया गया। महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने बताया कि इस शिविर में कपिल आई अस्पताल अम्बाला शहर से आई विशेषज्ञों की टीम ने लोगों की आंखों की बीमारियों की जांच कर निशुल्क दवाईयां भी वितरित की। उन्हें चश्में के नंबर भी दिए गए। उन्होंने बताया कि हर महीने के पहले रविवार को संस्था द्वारा शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपनी आंखों की जांच करवाकर लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म महावीर दल के प्रधान प्रीतम लाल गुलाटी, पूर्व प्रधान जगदीश चंद वर्मा, शिव कुमार शर्मा, उप प्रधान रामेश्वर शर्मा, विनोद वर्मा, आदर्श गुप्ता, नरेश कुमार, ओम प्रकाश आहूजा, राजपाल धीमान, कैंप ईंचार्ज सतीश अग्रवाल व सोमनाथ शर्मा उपस्थित रहे।

## करनाल कॉलोनी में लूटकांड का मास्टरमाइंड विक्की अब भी फरार

- विक्की ने ही वारदात के लिए मुहैया करवाया था हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

करनाल कॉलोनी में बुजुर्ग महिला से दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज लूट के मामले में पुलिस जांच के दौरान लगातार चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए दोनों आरोपियों ने पूछताछ में कबूल किया है कि पूरी वारदात का मास्टरमाइंड दलीप उर्फ विक्की ही था जिसने न केवल इस लूट की साजिश रची बल्कि वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार भी उपलब्ध करवाया। हैरानी की बात यह है कि लूटे गए सोने के कंगन और बालियां भी अभी तक बरामद नहीं हो सकी हैं। पुलिस को शक है कि पूरा माल फरार चल रहे विक्की के पास ही है। बता दें कि 26 मई को करनाल कॉलोनी में घर में अकेली मौजूद बुजुर्ग महिला विद्या देवी पर तीन बदमाशों ने हमला कर दिया था। बदमाशों ने महिला को पिस्तौल की बट से घायल करने के बाद उनके सोने के जेवर लूट लिए थे। दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी थी और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि फरार दलीप उर्फ विक्की और गिरफ्तार आरोपी ऋतिक की मुलाकात सहारनपुर जेल में हुई थी। इलाके की पूरी जानकारी होने के कारण विक्की ने अपने साथियों को टारगेट चुनकर दिया। वारदात को अंजाम देने की पूरी रणनीति बनाई।

#### कार हटने का इंतजार करते रहे बदमाश

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी वारदात वाले दिन काफी देर तक कॉलोनी में यहां-वहां घूमते रहे। घर के बाहर खड़ी कार के कारण वे अंदर नहीं घुसे। जैसे ही कार वहां से हटी, तीनों बदमाश घर में घुस गए और कुछ ही मिनटों में लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के बाद से पुलिस एक्टिव मोड में थी और बीती 3 जून को सीआईए नारायणगढ़ ने यहां के फ्लाईओवर के नीचे हुई मुठभेड़ के दौरान वारदता में शामिल उधम और ऋतिक को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों के पैरों में गोली लगी थी। थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह के अनुसार गिरफ्तार आरोपी ऋतिक के खिलाफ उत्तर प्रदेश में स्नेचिंग, मारपीट और पुलिस मुठभेड़ सहित तीन मामले दर्ज हैं। फरार विक्की के खिलाफ भी रंगदारी मांगने, पुलिस कर्मियों से मारपीट करने और अन्य गंभीर मामलों के केस पहले से दर्ज हैं।

---



### वर्षा ऋतु से पहले शहर में चलाया जाएगा पौधरोपण अभियान

**अंबाला।** सर्व धर्म समाज कल्याण समिति, अंबाला शहर की मासिक बैठक निर्धारित समय अनुसार चेयरमैन राजेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा प्रधान कृष्ण गोपाल धीमान को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके पौत्र जन्म की खुशी में उपस्थित सदस्यों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं व्यक्त कीं। समिति के सभी साथियों ने भी पौधा भेंट कर पौत्र प्राप्ति की बधाई दी। बैठक में तरसेम चंद शर्मा ने समिति के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक की कार्यवाही महासचिव देवी दयाल भारद्वाज ने संचालित की। सदस्यों ने विचार-विमर्श के दौरान निर्णय लिया कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले सरकारी नर्सरी से पौधे लाने की व्यवस्था की जाए। पौधों की व्यवस्था कराने का आश्वासन देवी दयाल भारद्वाज एवं श्री धर्म पाल शर्मा ने दिया। इसके अतिरिक्त समिति ने सदस्यों के जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ प्रत्येक माह संयुक्त रूप से मनाने का भी निर्णय लिया। बैठक के अंत में प्रधान श्री कृष्ण गोपाल धीमान जी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## उल्लास परीक्षा में अंबाला ने रचा नया कीर्तिमान, 10,991 बुजुर्ग बने नवसाक्षर

- जिले से 11,056 शिक्षार्थियों ने परीक्षा में लिया था भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


**अंबाला।** जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 मार्च को आयोजित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परिणामों में जिला ने पूरे हरियाणा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह कार्यक्रम उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। सुधीर कालड़ा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा को इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने कहा कि हाल ही में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम देकर अंबाला का नाम रोशन किया था। अब उसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के दादा-दादी, नाना-नानी तथा अन्य वयस्क शिक्षार्थियों ने उल्लास परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर जिले को प्रदेशभर में नई पहचान दिलाई है। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार जिला के 10,991 निरक्षर शिक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर नवसाक्षर बनने का गौरव प्राप्त किया है। जिले से कुल 11,056 शिक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था।



### लिवासा हॉस्पिटल्स भाखरा राइड 2.0 में बना हेल्थ पार्टनर

**अंबाला।** रविवार को नंगल में आयोजित भाखरा राइड 2.0 में पंजाब भर से साइकिल चालकों, धावकों, फिटनेस के शौकीनों, परिवारों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों सहित लगभग 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया। लिवासा हॉस्पिटल्स इस आयोजन का हेल्थ पार्टनर था।इस आयोजन में तीन श्रेणियां 25 किमी भाखरा एलिवेशन राइड, 10 किमी सिटी राइड और 5 किमी फन वॉक/रन थीं।लिवासा हॉस्पिटल्स द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य शिविर स्थापित किया, जिन्होंने पूरे आयोजन के दौरान प्रतिभागियों को चिकित्सा सहायता, बुनियादी स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया।अस्पताल द्वारा अंगदान के जीवन रक्षक प्रभाव के बारे में शिक्षित करने के लिए एक अंगदान जागरूकता और प्रतिज्ञा अभियान भी आयोजित किया गया।लिवासा हॉस्पिटल्स के सीईओ अनुराग यादव ने कहा, ₹भाखरा राइड 2.0 ने फिटनेस को बढ़ावा देने के साथ-साथ अंगदान के बारे में सार्थक बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया है - एक ऐसा कारण जिसमें अनगिनत जिंदगियां बचाने की क्षमता है। हमें इस प्रेरणादायक सामुदायिक पहल के साथ साझेदारी करने पर गर्व है।

---

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**बराड़ा।** चोरी के एक मामले में कलालटी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी नरेंद्र उर्फ सोनू उर्फ लाडेन निवासी गांव गोला को विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए सेंट्रल जेल अंबाला शहर भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगामी जांच में जुटी हुई है तथा अन्य पहलुओं की भी गहनता से पड़ताल की जा रही है। पुलिस चौकी कलालटी के प्रभारी विश्वबंधु ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### श्री सनातन धर्म मंदिर में होगी श्रीमद् भागवत कथा

**अंबाला।** श्री सनातन धर्म सभा छावनी में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन श्री सनातन धर्म मंदिर, हिल रोड में होगा। इसमें साध्वी भद्रा भारती 7 से 14 जून तक शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक श्रीमद् देवी भागवत कथा पर सुनाएंगी। इस आयोजन का शुभारंभ 108 कलशों के साथ हुआ। इसमें महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा आयोजन स्थल से शुरू होकर नगर के बाजारों व सड़कों से होती हुई आयोजन स्थल पर ही पूर्ण हुई। कलश यात्रा में मां देवी की झांकी, ब्रास-बैंड, ध्वजवाहक, सभा द्वारा संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षकों, विद्यार्थियों, के साथ-साथ सभा सदस्य व शामिल हुए। कलश यात्रा का बाजारों में फूलों व जलपान के साथ स्वागत किया गया।

#### श्रम मंत्री ने निरंकारी मिशन के शिविर का किया शुभारंभ

## रक्तदान कर बचाई जा सकती हैं कई जिंदगियां: विज

प्रत्येक रक्तदाता को अपने स्वैच्छिक कोष से 1100-1100 रुपए प्रदान कर हौसला बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** रक्तदाता को बैच लगाते हुए मंत्री अनिल विज।

संत निरंकारी चेरिटेबल फांउडेशन ट्रस्ट द्वारा रविवार को संत निरंकारी भवन रेस कोर्स रोड अंबाला छावनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिवहन, उर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए रिब्बन काटकर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित भी किया। विज ने संत निरंकारी चेरिटेबल फांउडेशन ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष यहां पर रक्तदान शिविर का आयोजन किए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ट्रस्ट निस्वार्थ भाव से मानव सेवा के हित में जो कार्य कर रहे है वह अनुसरणीय है। उन्होंने कहा कि सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों में निरंकारी संस्था द्वारा जो कार्य किए जा रहे है उससे अन्य को भी प्रेरणा मिलती हैं। उन्होनें कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है। एक स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान आवश्य करना चाहिए। रक्तदान करके हम अमूल्य जिंदगियों को बचा सकते हैं। उन्होनें यह भी कहा कि रक्त की आपूर्ति केवल मानव शरीर से ही सम्भव हैं, रक्त का और कोई वैकल्पिक साधन नहीं है। न ही रक्त किसी फैक्ट्री में तैयार किया जा सकता है। उन्होंने स्वैच्छा से रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को 1100-1100 रूपए की राशि प्रोत्साहन के रूप में देने की घोषणा भी की। ट्रस्ट के प्रधान नवतेज सेठी ने केबिनेट मंत्री का यहां पहुंचने पर अभिन्नदन किया। बताया कि संत निरंकारी मिशन वर्ष 1986 से रक्तदान अभियानों के माध्यम से मानवता की सेवा में निरंतर समर्पित है। अब तक देश भर में 9,174 से अधिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 15 लाख यूनिट रक्त दिया जा चुका है। संचालक सतीश सेठी, नप अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, भाजपा पदाधिकारी अजय बवेजा, आरती सहगल, श्याम अरोड़ा के साथ-साथ संस्था के अन्य गणमान्य मौजूद रहें।